>

Title: Regarding Need to invite fresh transparent tender process for allocation of book stalls on railway station platforms in the country-laid.

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): रेलवे विभाग द्वारा काफी वर्षों पूर्व के किसी कंपनी विशेष के देश के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर बुक स्टॉल्स के टेंडर चल रहे आ रहे हैं, जो कि कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आज भी यथावत हैं इससे रेलवे को काफी नुकसान हो रहा है जो कि राष्ट्र का नुकसान है और कंपनियां अपना एकाधिकार मान रही हैं। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट/ हाईकोर्ट भी कई बार कड़ी टिप्पणियां कर चुके हैं किंतु प्रभावी ढंग से लागू ना होने के कारण राष्ट्रीय क्षति हो रही है।

मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि इस संबंध में उचित कार्यवाही कर नए सिरे से पूर्णत: पारदर्शी प्रक्रिया से नए टेंडर करवाने की कृपा करावें।